दिनांकः 03.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

देश में हुए लोकसभा चुनाव के लिए कल मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिये हैं। इससे पहले आज मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आयोग ने इस बार रिकॉर्ड बनाया। इस बार का चुनाव ऐतिहासिक रहा। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार हुए कई नवाचारों से मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। उन्होंने कहा कि 64 करोड 20 लाख लोगों ने वोट डाले। इनमें महिलाओं की भागीदारी भी सराहनीय रही।

राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव तथा बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए भी कल मतगणना होगी। निर्वाचन विभाग ने मतगणना स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये हैं। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से की जाएगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से डाले गये मतों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम से हुए मतदान की गणना होगी। सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए कुल 29 केन्द्र बनाये गये हैं। जोधपुर, नागौर, करौली–धौलपुर और श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में दो–दो मतगणना केंद्र होंगे।

मध्यप्रदेश में कल रात राजगढ़ सीमा के पास हुए सड़क हादसे में झालावाड और बारां जिले के मृतकों के परिजनों के प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने तथा हादसे में घायल नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि झालावाड़ जिले से गयी बारातियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मध्य प्रदेश के राजगढ जिले में खाई में गिर गयी थी। दुर्घटना में घायल हुए लोगों का राजगढ़ के जिला अस्पताल में इलाज जारी है। उधर, भरतपुर के गहनोली मोड़ के पास जंगी का नगला पर एक निजी बस, सडक पर खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में बस में सवार करीब 40 यात्री घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जन सहयोग से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकलवाया। घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पांच गंभीर घायलों को जयपुर के लिए रेफर कर दिया। ये बस ग्वालियर से जयपुर आ रही थी।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में राज्य में हो रहे आयोजनों की कड़ी में आज विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साइकिल दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए आमजन का आह्वान किया कि सभी स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी निभाएँ और प्रदूषण को कम करने का संकल्प लें।

साइकिल दिवस पर जयपुर के जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर सुबह 'वुमेंस साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। महिलाओं ने साइक्लिंग कर स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व साइकिल दिवस मनाने की घोषणा की थी। साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य बढते परिवहन साधनों के कारण पर्यावरण और पृथ्वी को नुकसान होने से बचाना है। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर

से कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। आज का विषय ''गीले कचरे से खाद बनाना'' रखा गया है।

भरतपुर में भी साइकिल रैली निकाली गई। शास्त्री पार्क से शुरू हुई इस रैली को जिला कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन किला स्थित संग्रहालय पर हुआ। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया गया तथा स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने और साइक्लिंग करने की भी अपील की गई। बांसवाड़ा शहर के प्रताप सर्किल पर आज सुबह संभागीय आयुक्त ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण—एनएचएआई ने देशभर में टोल टैक्स में औसतन पांच फीसदी की बढ़ोतरी की है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि बढ़ा हुआ शुल्क आज से लागू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में नौ सौ से अधिक टोल प्लाजा हैं।